कक्षा: 11वीं
विषय: हिन्दी

अंक: 100
समय:

प्र01 निम्नलिखित काव्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए:– (7)

पत्थर पूजे हरि मिले, तो मैं पूजूं पहार।
ताते वह चक्की भली, पीसि खाय संसार।।
ऊँचे कुल का जनमिया, जो करनी ऊँच न होई।
सुबरन कलस सुरा भरा, साधू निंदा सोई।

अथवा

बुरौ बुराई जो तजै, तो चितु खरै डरातु।
जयो निकलंकु मयंकु लखि, गनै लोग उतपातु।।
समै समै सुंदर सबै, रुप कुरुप न कोई।
मन की रुचि जेति जितै तित तेती रुचि होई।।

प्र02 अभ्यास तथा परीक्षोपयोगी प्रश्नों के उत्तर विकल्प सहित पूछे जाएगें (कोई पाँच):– (2x5=10)

क) कृष्ण ने नंद बाबा की दुहाई देकर दाँव क्यों दिया?

ख) कबीर की भाषा पर प्रकाश डालिए।

ग) सपना कवित्त का भाव सौंदर्य लिखिए (संक्षिप्त में)

घ) नट की बिगरी मति से कवि का क्या आशय है?

ङ) बिहारी की भाषा पर विचार कीजिए।

च) कबीर का परिवार परिचय दें।

छ) खेल में रूठने वाले साथी के साथ सब क्यों नही खेलना चाहते।

ज) सूरदास की रचनाओं का वर्णन करें।

प्र03 निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दें:– (1x4=4)

जसोदा हरि पालने झुलावै।
हलरावै, दुलराइ मल्हावै, जोई–सोई कुछ गावै।
मेरे लाल कौं आउ निंदरिया, काहै न आनि सुवावै।
तू काहे नहिं बेगिहिं आवै, तोंकौं कान्ह, बुलावै
कबहुं पलक हरि मूंदि लेत हैं, कबहु अधर फरकावै।

ClassResult.in

Scanned by CamScanner

सोवत जानि मौन ह्वै कै रहि, करि–करि सैन बतावै।
इहि अंतर अकुलाइ उठे हरि, जसुमति मधुरै गावै।
जो सुख सूर अमर–मुनि दुरलभ, सो नंद–भामिनी पावै।।

क) हरि को पलना कौन झुला रही थी?

ख) नींद किसे नहीं आ रही थी?

ग) यशोदा किसे बुला रही थी कन्हैया के पास?

घ) हरि को सुलाने के लिए गीत कौन गा रही थी?

प्र04 काव्य के अन्तर्गत निम्नलिखित काव्यगत विशेषताएं किस–किस कवि की है:–(1x4=4)

क) निर्गुण ईश्वर में विश्वास या गुरु का महत्व।

ख) वात्सल्य–चित्रण का श्रृंगार के दोनों पक्ष।

ग) मुक्तक काव्य की सुंदरता या विषय–विविधता।

घ) दार्शनिकता या आचार्यत्व या प्रकृति चित्रण।

## निबन्ध

ClassResult.in

प्र05 पाठों की विषय वस्तु पर आधारित निबन्ध से प्रश्न पूछे जाएगें (विकल्प सहित)

क) चारु–चरित्र के अंतर्गत कौन–कौन से गुण आते हैं? (2x4=8)

या

किन कारणों से व्यक्ति कुलीनता, सभ्यता और शिष्टता का आदर्श बन जाता है?

ख) 'सच्ची वीरता' पाठ का उद्देश्य स्पष्ट कीजिए।

या

सच्चे वीर के लक्षण बताएं।

ग) सच्चे मित्र के गुणों की व्याख्या करें।

या

मित्र के चुनाव में किन बातों को ध्यान में रखना चाहिए?

घ) भव्य पुरुष ने कहा–'जहाँ अंधकार है वहीं प्रकाश है।' इसका क्या तात्पर्य है।

या

लेखक ने टार्च बेचने वाली कंपनी का नाम सूरज छाप ही क्यों रखा?

Scanned by CamScanner

प्र06 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दें:– (1x4=4)

जहाँ अंधकार है, वहीं प्रकाश है। अंधकार में प्रकाश की किरण है, जैसे प्रकाश में अंधकार की किंचित कालिमा है। प्रकाश भी है। प्रकाश बाहर नहीं है, उसे अंतर में खोजो। अतंर में बुझी उस ज्योति को जगाओ। मैं तुम सबका उस ज्योति को उगाने के लिए आह्वान करता हूँ। मैं तुम्हारे भीतर वही शाश्वत ज्योति को जगाना चाहता हूँ। हमारे साधना मंदिर में आकर उस ज्योति को अपने भीतर जगाओ।

क) यह गद्यांश किस निबन्ध से लिया गया है?

ख) इस गद्यांश में किस के विषय में बात हो रही है?

ग) आज सारा संसार किसमें डूबा है?

घ) मनुष्य को कौन अपने माया झाल में फंसा रहे है?

अथवा

हमें अपने मित्रों से यह आशा करनी चाहिए कि वे उत्तम संकल्पों में हमें दृढ़ करेंगे, दोषों और त्रुटियों से हमें बचायेंगे, हमारे सत्य, पवित्रता और मर्यादा के प्रेम को पृष्ट करेंगे, जब हम हतोत्साह होगें तब हमें उत्साहित करेंगे, सारांश यह है कि हमें उत्तमापूर्वक जीवन निर्वाह करने में हर तरह से सहायता देंगे।

ClassResult.in

क) रामचंद्र शुक्ल द्वारा रचित निबंध का नाम लिखें।

ख) हमें अपने मित्रों से किन बातों की अपेक्षा करनी चाहिए?

ग) मित्र हमें किससे बचाएगें?

घ) हमें किसका पालन दृढ़ता से करना चाहिए?

## कहानी

प्र07 पाठों की विषय वस्तु पर आधारित प्रश्नों के उत्तर पूछे जाएगें (2x5=10)

(विकल्प सहित)

क) ईदगाह कहानी के लेखक का नाम तथा पाठ में आए पात्रों के नाम लिखो।

या

हामिद के चरित्र की कोई तीन विशेषताएँ बताइए।

ख) 'अभाव' कहानी के उद्देश्य पर प्रकाश डालें।

Scanned by CamScanner

या

'अभाव' कहानी के प्रमुख पात्रों का चरित्र–चित्रण कीजिए।

ग) ब्रिटिश सरकार भारतीयों को शिक्षित क्यों नहीं करना चाहती?

या

लाल और उसके साथियों से आपको क्या प्रेरणा मिली?

घ) घर पहुँचने पर गजाधर बाबू का मोह–भंग कैसे हुआ?

या

चारपाई किस प्रकार गजाधर बाबू का प्रतीक है?

ङ) हमारे पाठ में आए कहानिकारों के नाम लिखें।

या

'वापसी' और 'उसकी माँ' कहानियों के लेखक के नाम लिखें।

## हिन्दी साहित्य का इतिहास

(1x10=10)

प्र08 हिन्दी साहित्य के इतिहास से दस प्रश्न पूछे जाएगें जो 'वीरगाथा काल' भक्तिकाल तथा 'कहानी' किसे कहते हैं इन पर आधारित होगें।

क) कहानी की परिभाषा लिखें।

या

कहानी के तत्वों के नाम लिखें

ख) कहानी के प्रकार लिखें।

ग) आदिकाल की समय सीमा निर्धारित करे।

या

आदिकाल की भाषा का वर्णन करें।

घ) आदिकाल की प्रमुख दो रचनाएं लिखें।

ङ) भक्तिकाल की समय सीमा लिखें।

या

भक्तिकाल का वर्गीकरण करें (संक्षेप में)

च) भक्तिकाल के निर्गुण कवियों के नाम लिखें।

ClassResult.in

Scanned by CamScanner

छ) कृष्ण काव्य धारा के कवियों के नाम लिखें।

ज) भक्तिकाल के प्रसिद्ध महाकाव्यों के नाम लिखें।

झ) आदिकाल का प्रसिद्ध महाकाव्य जिसे 'चंद' ने लिखा बताएं।

ञ) प्रेमचंद द्वारा लिखी प्रसिद्ध कहानी का नाम लिखें।

## व्याकरण

प्र09 क) निबन्ध (विकल्प सहित)

निम्नलिखित विषयों में से किसी एक पर निबन्ध लिखें:– (8)

1) समय का सदुपयोग
2) जम्मू के दर्शनीय स्थान
3) विद्यार्थी और अनुशासन
4) भाग्य और पुरुषार्थ

ख) ज़िला शिक्षा अधिकारी, राजौरी को शिक्षक के पद के लिए आवेदन पत्र लिखिए।

अथवा (7)

साजिदा मिर्ज़ा की ओर से उसकी सखी पलक को भाई के विवाह में निमंत्रित करते हुए पत्र लिखिए। (विकल्प सहित)

ग) निम्नलिखित अलंकारों के लक्षण तथा उदाहरण लिखिए (कोई दो):– (5x2=10)

उपमा, उत्प्रेक्षा, अतिशयोक्ति

ClassResult.in

## लघु उत्तर (18)

प्र010 क) निबन्ध की परिभाषा लिखें। (2)

ख) निबन्ध कितने प्रकार के होते हैं? (2)

ग) शब्दालंकारों के नाम लिखें। (2)

घ) पत्रों के अंगों का वर्णन कीजिए। (2)

ङ) वचन बदलें:–किताब, कापी (2)

च) लिंग बदलो:–राजा, पुत्र, माता, भाई (2)

छ) तत्सम, तद्भव शब्द किसे कहते है? (2)

ज) वर्ण कितने प्रकार के होते है? (2)

झ) नाच न जाने ...................... ......................। (मुहावरे को पूर्ण करें ) (1)

ञ) अक्ल बड़ी ...................... ...................... (मुहावरे को पूर्ण करें) (1)

Scanned by CamScanner